



## नशे की आग बुझाने लगाते थे मेटाजोलम इंजेक्शन

**मानसिक रोगियों को दिए जाने वाले इंजेक्शन का कर रहे थे उपयोग**
**नशीला इंजेक्शन लगाने वाले क्लीनिक पर की कार्रवाई**
**बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा था क्लीनिक का संचालन**
**स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की प्रभावी कार्यवाई**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 दिसम्बर, का. गुना रोड पर बांडीखाली पुलिया के समीप एक क्लीनिक पर अवैधानिक रूप से नशे के उपयोग में आने वाले इंजेक्शन का उपयोग करने के आरोप में कार्रवाई करते हुए सील कर दिया.**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार शाम कार्यवाई करते हुए अजय क्लीनिक पर छापा डाला था. यहां पर मानसिक रोगियों को दिए जाने वाले इंजेक्शन मेटाजोलम का उपयोग ऐसे लोगो के लिये किया जा रहा था जो नशे के आदि है. इनका उपयोग नशे के रुप में करने के साथ ही स्वास्थ्य नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था. इंजेक्शन को एक ही सिरिंज से कई लोगो को लगाने का काम किया जा रहा था. इस प्रकार की गतिविधियों से कई लोग नशे से बाहर नहीं आ पा रहे थे. इसकी जानकारी पुलिस-प्रशासन को लगने पर स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक टीम बनाई गई थी. इसके तहत ब्यावरा में ड्रग इंसपेक्टर द्वारा जांच पड़ताल करते हुए उक्त मेडिकल स्टोर पर कार्यवाई की गई.

बाद में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से क्लीनिक को सील कर दिया गया. साथ ही इस कार्यवाई में असहयोग कर व्यवधान करने वाले संबंधित मेडिकल व्यवसायी के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर भी संबंधित पर कार्यवाई की है.

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डा. रजनीश शर्मा के अनुसार क्लीनिक पर से मेटाजोलम इंजेक्शन बरामद किया गया है. यह इंजेक्शन मानसिक रोगियों को दिया जाता है. नशे की लत में उलझे कुछ लोगो ने मेडिकल वाले के माध्यम से यह इंजेक्शन नशे की लत के रूप में उपयोग किये जाने लगा. संबंधित लोग अधिक राशि लेकर इसका दुरूपयोग नशीली दवाओं के सेवन के रूप में भी किया जा रहा है. कार्यवाई के दौरान क्लीनिक संचालक द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाना भी सामने आया है. सिटी पुलिस के अनुसार इस मामले में कार्यवाई की जा रही है.

सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल के अनुसार टीम द्वारा संबंधित क्लीनिक पर कार्यवाई की गई जिसमें क्लीनिक का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं मिला और न ही संचालक के पास किसी प्रकार की कोईडिग्री मिली है.

# जल निगम के ठेकेदार पर एफआईआर के निर्देश

## जल निगम की समीक्षा बैठक के दौरान अधूरे काम पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, जल निगम महाप्रबंधक पर कार्यवाही के निर्देश

**कलेक्टर ने लगातार लापरवाही के चलते कुंडालिया एवं मोहनपुरा एलएंडटी लिमिटेड के पीएम अरुण हर्षा एवं ऋषि साकल्ले पर एफआईआर कराने की चेतावनी दी**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जल निगम की विस्तृत समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित हुई. बैठक में उन्होंने अक्टूबर माह में आयोजित समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए माह दिसंबर की कार्य योजना की जानकारी भी मांगी.**

इस दौरान उन्होंने म.प्र. जल निगम, परियोजना क्रियान्वयन इकाई राजगढ़ महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि वे कार्य न करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर अवगत कराएं. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कुंडालिया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में रोड रेस्टोरेशन, पाइप लाइन कमीशनिंग, टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों में मासिक कार्य योजना के हिसाब से प्रगति न होने पर भी नाराजगी जाहिर की.

समीक्षा के दौरान उन्होंने कुंडालिया एवं मोहनपुरा योजनाओं में शेष रहे हर घर जल प्रमाणीकरण के मामलों में प्रगति पर भी असंतुष्टि जताते हुए जल निगम महाप्रबंधक पर कार्यवाही के निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस तरह की लगातार लापरवाही के चलते कुंडालिया एवं मोहनपुरा एलएंडटी लिमिटेड के पीएम अरुण हर्षा एवं ऋषि साकल्ले को कार्य में लापरवाही पर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दी.

उन्होंने कहा कि गांव में खेती के लिए पानी चोरी करने या टिल्लू पंप लगाने वालों पर पुलिस दल को साथ ले जाकर कार्यवाही की जाए. साथ ही जल प्रभार वसूली न करने और टंकी एग्रीमेंट में सहयोग न करने वाली पंचायतों पर जिला पंचायत के जरिए कार्यवाही कराने के लिए कहा. इस दौरान उन्होंने जल निगम से कहा कि इस बात की समीक्षा के लिए ब्लॉक स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाएं, जिनकी समीक्षा वह स्वयं करेंगे.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्राम पीपल्या खास एवं अमरपुरा में सप्लाई लाइन की चैकिंग के लिए जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा तकनीकी जांच कराने के भी निर्देश दिए.

जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह स्कूल एवं आंगनवाड़ी में दिए गए कनेक्शनो की जानकारी प्रस्तुत करने, ग्राम जल समितियों को एक्टिव कर उनके सदस्यों का प्रशिक्षण कराने और स्व सहायता समूह को इनमें शामिल करने, सभी योजनाओं में बल्क फ्लो मीटर लगवाने, एसेट्स का भौतिक सत्यापन कराने सहित पेयजल का दुरोपयोग व चोरी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

### होटल मालिक को जेल भेजने के निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ब्यावरा के सनराइज होटल के मालिक द्वारा पानी चोरी के मामले में की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आरोपी से अब तक जुर्माना वसूली नहीं किए जाने और पेयजल चोरी के मामले में उस पर पुलिस रिपोर्ट नहीं कराए जाने पर नाराजगी जताई. साथ ही ऐसे पेयजल चोरी के मामलों में अविलंब एफआईआर और धारा 151 के अंतर्गत जेल भिजवाने के निर्देश भी जल निगम अधिकारियों को दिए गए.

## दबिश देकर देशी शराब जब्त की, आरोपी पकड़ाए



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 दिसम्बर, सं.** कलेक्टर राजगढ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे के द्वारा क्षेत्र गश्त के दौरान एवं सीएम हेल्पलाइन की जांच के संबंध मे वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम बाबडल्या, ग्राम अकानिया खेडी में आदि संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर 30 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त हुई, जिसे विधिवत कार्रवाई करते हुए कब्जे में लिया गया.

अधिकारियों ने बताया आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 36(क) के 4 आपराधिक प्रकरण कायम किये. उक्त कार्रवाई में परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान, शिवम पचाया ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

### एक नजर में

#### 11 से 3 बजे तक राजगढ़ में बिजली कटौती

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 06 दिसम्बर, का.** कल 7 दिसम्बर को सुबह 11 से 3 बजे तक, 33केवी लाइन के रखरखाव के कार्य के कारण गिरनार सिटी, स्टेडियम के पीछे, एसपी ऑफिस, जिला पंचायत, नैश मोहल्ला, फूटी बावड़ी, स्क ऑफिस, कलेक्ट्रेट, कोर्ट, काला खेत, अस्पताल एवं अन्य की सप्लाई बंद रहेगी. समय को आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है.

#### सामाजिक समरसता समाज को एकात्मता के सूत्र में बांधती है

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 06 दिसम्बर, सं.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ब्यावरा इकाई द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमे मुख्य वक्ता नगर मंत्री राकेश सोंधिया ने बताया सामाजिक समरसता का अर्थ समाज के विभिन्न वर्गो के बीच सौहार्द और प्रेम बड़ाने पर ध्यान केंद्रित करने से है वासुदेव कुटुम्बकम के विचारो से विश्व को सीख देने वाली भारतीय संस्कृति में अस्पृश्यता और भेदभाव एक विकार है. जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता समाप्त हो,कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति गौतम रही. उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषय के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव ने तथा संचालन आचार्य गजेन्द्र सिंह झाला ने किया. इस अवसर पर अभाविप कार्यकर्ता भूपेंद्र लश्करी, विशाल सोंधिया, ईश्वर सोंधिया, सुमित शिवहरे आदि उपस्थित रहे.


